CITY OF BELLEVUE

# पानी गुणवत्ता रिपोर्ट 2020

2019 में जांच के नतीजे



इस रिपोर्ट में आपके पीने के पानी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी है।

PWS ID 05575B

हमें आशा है कि आप और आपका परिवार, इस मुश्किल समय में सुरक्षित व स्वस्थ है। यह रिपोर्ट 2019 में Bellevue के पीने के पानी की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करती है, लेकिन हम समझते हैं कि बढ़ रही COVID-19 स्थिति पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है।

- आपका पानी नए कोरोना वायरस से सुरक्षित है, जिससे COVID-19 होता है। हमारे सुरक्षित पीने के पानी की आपूर्ति में कोरोना वायरस का कोई प्रमाण नहीं मिला है, और आपको संदूषित पदार्थों से सुरक्षित रखने के लिए Bellevue के पानी को संसाधित किया जाता है, जैसे कि वायरस।
- हम लगातार पानी की गुणवत्ता और प्रणाली की सुरक्षा का निरीक्षण करते हैं।
- हम अपने समुदाय, कर्मचारियों और पड़ोसियों को सुरक्षित रखने के लिए, राष्ट्रीय, राज्य संबंधी और स्थानीय स्वास्थ्य एजेंसियों के दिशानिर्देशों का पालन करते हैं।
- हम इस तरह की आपातकालीन स्थितियों के लिए योजना बनाते हैं ताकि हम आपको लगातार पीने का सुरक्षित पानी प्रदान कर सकें, जिस पर आप निर्भर हैं।
- आपके स्वास्थ्य की रक्षा करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। COVID-19 संकट के दौरान, यदि आप भुगतान नहीं कर पाते हैं तो पानी संबंधी सेवाएं बंद नहीं होंगी।
- COVID-19 को फैलने से रोकने के सिटी के प्रयासों पर बिल्कुल ताज़ा जानकारी के लिए, कृपया *www.bellevuewa.gov/COVID-19*पर जाएं।

हम आपके घरों और व्यापारिक संस्थानों में सुरक्षित और विश्वसनीय पीने का पानी प्रदान करने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इस समय भी हमारा स्टाफ आवश्यक कार्य कर रहा है, जिसमें शामिल है, नियमित निरीक्षण के लिए नमूने एकत्र करना, हमारी फैसिलिटीज का मुआइना करना, मीटर रीडिंग्स लेना, महत्वपूर्ण नियमित देखरेख करना, और आपातकालीन मुरम्मत कार्य करना। यह कार्य, यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि पानी संबंधी प्रणाली सुचारु रूप से चल रही है।

हमें अपने काम को सुरक्षित ढंग से करने के लिए आपकी मदद की आवश्यकता है। कृपया क्षेत्र में काम कर रहे कर्मीदल से, कम से कम 6 फुट दूर रहें। कृपया वाहनमार्गों या सड़कों को न रोककर, हमारे स्टाफ को पानी संबंधी प्रणाली तक जाने दें, जहां पानी संबंधी प्रणाली के पुर्जे हो सकते हैं।

आपके निरंतर सहयोग के लिए आपका धन्यवाद। यदि आपके कोई सवाल या चिंताएं हैं, तो कृपया हमें Bellevue Utilities, **425-452-7840** पर संपर्क करें।



Bellevue Downtown पार्क

# BELLEVUE के पानी संबंधी तथ्य



**भंडारण + क्षमता**




**24**
क्रियाशील जलाशय

**40+**
मिलियन गैलनों की भंडारण क्षमता

**69**
प्रेशर ज़ोन्स

**22**
पम्प स्टेशन


## वितरण

**610**
मील का मुख्य जलवाहक नल

**5,900**
नलके

**41,000**
पानी के मीटर

**1,800**
कोलीफोर्म बैक्टीरिया के नमूने लिए गए



Cedar River जलविभाजक (वाटरशेड):

Cascades में 90,000-एकड़ का यह जलविभाजक, Bellevue के पीने के पानी के दो स्रोतों में से एक है। जलविभाजक को मानवीय गतिविधि और विकास के लिए बंद कर दिया गया है।

# पीने का पानी पानी का स्रोत

आप जो साफ और सुरक्षित पानी रोज़ाना पीते हैं, वह Cedar River से और Tolt River के दक्षिण वाले हिस्से से आता है। यह पानी Cascade Water Alliance (Cascade) के माध्यम से प्राप्त किया जाता है, जो अपनी सदस्य जनोपयोगी सेवाओं की ओर से अपना पानी Seattle Public Utilities से खरीदता है। Cascade के पास Lake Tapps भी है, जिसे आवश्यकता होने पर नगरपालिका के पीने के पानी के भविष्योन्मुखी स्रोत के तौर पर उपयोग किया जा सकता है।

Cascade एक नगर निगम है, जिसकी स्थापना, क्षेत्र में नगरपालिकाओं को पानी का विश्वसनीय स्रोत प्रदान करने के लिए 1999 में की गई थी। इसमें Bellevue, Issaquah, Kirkland, Redmond, Tukwila, Sammamish Plateau Water, और Skyway Water तथा Sewer District शामिल हैं। अपने समुदाय के लिए भविष्य में साफ, सुरक्षित और विश्वसनीय पीने के पानी की उपलब्धता को निर्धारित करने में प्रत्येक सदस्य की राय ली जाती है।

इसके अलावा, Cascade बड़े स्तर पर, अपनी साझेदार एजेंसी, निवासियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और समुदाय के लिए कार्यक्रमों, समारोहों, पहुंच और शिक्षा की योजना बनाता और उसे लागू करता है। ये कार्यक्रम, समझदारी से पानी का उपयोग करने के सबसे अच्छे तरीके दर्शाने में और निशुल्क संरक्षण वस्तुएं और संसाधन प्रदान करने के बारे में मदद करते हैं, जिन्हें *www.cascadewater.org* पर पाया जा सकता है। आज पानी बचाने का अर्थ है, भविष्य में पानी के अतिरिक्त स्रोतों को विकसित करने की जरूरत को रोकना।

Cascade अब और भविष्य में पानी की क्षेत्रीय आपूर्ति संबंधी आवश्यकताओं के लिए सहयोगात्मक योजना बनाने के लिए, अपने सदस्यों के साथ-साथ, Central Puget Sound क्षेत्र में पानी संबंधी मुख्य प्रदाताओं के साथ काम करता है। यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में और कुदरती या अन्य आपातकालीन स्थितियों में पानी उपलब्ध रहेगा।

Bellevue Utilities और Cascade अब और भविष्य में हमारी पानी संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करन के लिए योजना बना रहे हैं।


# पानी को संसाधित करना



आपके स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए और पानी की गुणवत्ता को सुधारने के लिए, Tolt River और Cedar River से हमारे पीने के पानी की आपूर्ति को अल्ट्रा-वॉयलट लाइट (UV) और ओज़ोन से रोगाणुमुक्त किया जाता है। ओज़ोन का उपयोग करते हुए रोगाणुमुक्त करना, क्रिप्टोस्पोरिडियम और अन्य सूक्ष्म जीवों को नष्ट करने में काफी प्रभावी होता है। हैज़ा, गियारडायसिस और साल्मोनेलोसिस जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए और पानी के वितरण प्रणाली में होने के समय, पुनः संदूषित होने से रक्षात्मक बचाव के तौर पर कार्य करने के लिए आपके पानी में क्लोरीन मिलाया जाता है। 2019 में, आपके पीने के पानी में क्लोरीन का औसतन स्तर 0.86 भाग प्रति मिलियन (ppm) था। 1968 में हुए Seattle पब्लिक वोट के अनुपालन में, दांतों की सड़न को रोकने के लिए पानी को संसाधित करने के दौरान SPU द्वारा फ्लोराइड मिलाया जाता है। 2019 में, आपके पीने के पानी में फ्लोराइड का औसतन स्तर 0.70 ppm था। इसके अलावा, pH स्तरों (अम्लता का माप) को 8.2 के लक्ष्य तक बढ़ाने के लिए पानी की आपूर्ति में सोडियम हाइड्रोक्साइड मिलाया जाता है। पाइपलाइन के लिए पानी को कम क्षयकारी बनाने के लिए और सीसे (लेड) और तांबे की मात्रा, जो पीने के पानी में घुल सकते हैं, को कम करने के लिए इन pH स्तरों को समायोजित किया जाता है।

संसाधित करने के बाद, आपके पानी में बहुत कम संदूषित पदार्थ रह जाते हैं, और मौजूद तत्व निम्नलिखित प्रकार से स्वीकार्य सीमाओं में होते हैं।

पूरा वर्ष आपके पानी का व्यापक तौर पर निरीक्षण किया जाता है और इसे संसाधित किया जाता है। लगभग 200 रसायनिक तत्वों के परीक्षण के बाद, केवल कुछेक ही पाए गए थे (अगले पृष्ठ पर सारणी देखें)। यदि आप रसायनिक तत्वों की पूरी सूची देखना चाहते हैं, जिनका 2019 में परीक्षण किया गया था, लेकिन वे पाए नहीं गए थे, तो Water Quality को 425-452-6192 पर फोन करें या bellevuewa.gov/water-quality पर जाएं।



# 2019 पानी की गुणवत्ता

| | | EPAकी स्वीकार्य सीमाएं | | Cedar पानी में स्तर | | Tolt पानी में स्तर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाए गए तत्व | यूनिटें | MCLG | MCL | औसत | रेंज़ | औसत | रेंज़ | आम स्रोत |
| ***अशुद्ध पानी*** | | | | | | | | |
| कुल ऑर्गैनिक कार्बन | Ppm | लागूनहीं | TT | 0.5 | 0.3 से 0.8 | 1.1 | 1.0 से 1.3 | वातावरण में कुदरती रूप से मौजूद |
| ***परिष्कृत पानी*** | | | | | | | | |
| गंदलापन | NTU | लागूनहीं | TT | 0.3 | 0.2 से 1.8 | 0.03 | 0.01 से 0.17 | मृदा अपवाह |
| संखिया | Ppb | 0 | 10 | 0.4 | 0.4 से 0.6 | 0.4 | 0.3 से 0.4 | कुदरती तलछटों का क्षरण |
| बेरियम | Ppb | 2000 | 2000 | 1.6 | 1.4 से 1.9 | 1.3 | 1.1 से 1.5 | कुदरती तलछटों का क्षरण |
| ब्रोमेट | Ppb | 0 | 10 | ND | ND | 0.2 | ND से 2 | पीने के पानी को रोगाणुमुक्त करने का उप-उत्पाद |
| नाइट्रेट | Ppm | 10 | 10 | ND | एक नमूना | 0.11 | एक नमूना | कुदरती तलछटों का क्षरण |
| क्रोमियम | Ppb | 100 | 100 | 0.27 | 0.25 से 0.33 | 0.2 | ND से 0.24 | कुदरती तलछटों का क्षरण |
| फ्लोराइड | Ppm | 4 | 4 | 0.7 | 0.6 से 0.8 | 0.7 | 0.6 से 0.8 | पानी का योज्य, जो दांतों को मजबूत बनाने में सहायक है |
| कुल ट्राइहैलोमेथेन्स | Ppb | लागूनहीं | 80 | औसत = 34<br>रेंज़ = 19.9 से 41.6 | | | | पीने के पानी का क्लोरीनीकरण करने के उप-उत्पाद |
| हैलोएसेटिक एसिड (5) | Ppb | NA | 60 | औसत = 28<br>रेंज = 14.6 से 38.6 | | | | |
| क्लोरीन | Ppm | MRDLG = 4 | MRDL = 4 | औसत = 0.86<br>रेंज = 0.03 से 1.67 | | | | सूक्ष्म जीवों को नियंत्रित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले पानी के योज्य |

## परिभाषाएं

**MCLG:** *संदूषित पदार्थों का अधिकतम स्तर लक्ष्य* – पीने के पानी में संदूषित पदार्थों का स्तर, जिसके नीचे स्वास्थ्य को कोई ज्ञात या संभावित जोखिम न हो। MCLGs में सुरक्षा के मार्जिन पर विचार किया जाता है।

**MCL:** *संदूषित पदार्थों का अधिकतम स्तर* - संदूषित पदार्थों का उच्चतम स्तर, जो पीने के पानी में स्वीकार्य होता है। MCLs को सबसे बेहतर संसाधित करने की तकनीक का उपयोग करते हुए साध्य के तौर पर MCLGs के आसपास तय किया जाता है।

**MRDL:** *अधिकतम अपशिष्ट कीटाणुनाशक स्तर* – पीने के पानी में स्वीकार्य कीटाणुनाशकों का उच्चतम स्तर। इस बात का ठोस प्रमाण है कि सूक्ष्म संदूषित जीवों के नियंत्रण के लिए कीटाणुनाशक पदार्थों को मिलाना आवश्यक होता है।

**MRDLG:** *अधिकतम अपशिष्ट कीटाणुनाशक स्तर लक्ष्य* - पीने के पानी में कीटाणुनाशकों का स्तर, जिसके नीचे स्वास्थ्य को कोई ज्ञात या संभावित जौखिम न हो। । MRDLGs सूक्ष्म संदूषित जीवों के नियंत्रण के लिए कीटाणुनाशकों के उपयोग के फायदे नहीं दर्शाते।

**TT:** *संसाधित करने की तकनीक* – पीने के पानी में संदूषित पदार्थों के स्तर को कम करने के लिए की जाने वाली आवश्यक प्रक्रिया।

**NTU:** *नेफलोमीट्रिक टर्बिडिटी यूनिट* – गंदलापन एक माप है कि पानी कितना साफ दिखाई देता है। एक महीने में कम से कम 95% नमूनों में, 2019 में जो गंदलापन MCL Cedar आपूर्ति में इस्तेमाल किया गया था, वह 5 NTU है और Tolt आपूर्ति के लिए यह 0.3 NTU था। 2019 में 100% Tolt नमूने 0.3 NTU से नीचे थे।

**NA:** लागू नहीं

**ND:** नहीं पाया गया

**ppm:** 1 भाग प्रति मिलियन = 1 mg/L = 1 मिलीग्राम प्रति लिटर
**ppb:** 1 भाग प्रति अरब = 1 ug/L = 1 माइक्रोग्राम प्रति लिटर

**1 ppm** =1000 ppb



# पाइपलाइन के जोड़ों से सीसे को कम करना

सीसे के बढ़े हुए स्तरों के मौजूद होने पर स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, विशेषकर गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए। पीने के पानी में सीसा, मुख्य तौर पर सर्विस लाइनों और घर की पाइपलाइन से जुड़े पदार्थों और तत्वों से आता है। उच्च किस्म का पीने का पानी प्रदान करना Bellevue Utilities की जिम्मेदारी है, लेकिन यह पाइपलाइन तत्वों में उपयोग किए जाने वाले पदार्थों के प्रकार पर नियंत्रण नहीं रख सकता। जब आपका पानी कई घंटों तक ठहरा रहता है, तो आप पानी को पीने या खाना बनाने के लिए उपयोग करने से पहले, 30 सेकंड से 2 मिनट तक अपने नल को पूरा चलाकर सीसे के संपर्क की संभावना को कम कर सकते हैं। यदि आपको अपने पानी में सीसा होने को लेकर चिंतित हैं, तो आप अपने पानी का परीक्षण कराना चाह सकते हैं। पीने के पानी में सीसा होने, परीक्षण विधियों और संपर्क को कायम करने के लिए आप जो कदम उठा सकते हैं, उसके बारे में जानकारी Safe Drinking Water Hotline को **1-800-426-4791** पर संपर्क करके ली जा सकती है या आप *http://www.epa.gov/safewater/lead जा सकते हैं।*

*2017 में, Bellevue Utilities के पूरे सेवा क्षेत्र में से 66 घरों से नल के पानी के नमूने एकत्र किए गए थे और सीसे और तांबे के लिए उनका विश्लेषण किया गया था। ये नमूने हर 3 वर्षों में एकत्र किए जाते हैं, जैसा कि Washington State Department of Health के अनुसार आवश्यक है। नमूने लेने का हमारा अगला राउंड अगस्त 2020 में होगा।*

*दाईं तरफ 2017 के नमूने के नतीजे हैं।*

**सीसे और तांबे का परीक्षण करने के नतीजे (Bellevue)**


| मापदंड और यूनिटें | MCLG | क्रिया स्तर* | 2017 के नतीजे** | जिन घरों में क्रिया स्तर अधिक था | स्रोत |
|---|---|---|---|---|---|
| सीसा, ppb | 0 | 15 | 4.5 | 66 में से 1 | घरेलू नलसाज़ी का क्षय |
| तांबा, ppm | 1.3 | 1.3 | 0.11 | 66 में से 0 | |

* यदि संदूषित पदार्थों का जमाव बढ़ जाता है, तो पानी संबंधी प्रणाली के लिए संसाधित करने या अन्य आवश्यकताओं का पालन करना आवश्यक हो जाता है।

** 90वां प्रतिशतक: जैसे 90 प्रतिशत नमूने, दर्शाए गए मूल्यों से कम थे।

## “प्रतिवाहक्या है?”

यह बिल्कुल वैसा ही है, जैसा उच्चारित होता है: पानी अपने सामान्य प्रवाह से विपरीत दिशा में बह रहा होता है। दाब में बदलाव के कारण प्रवाह की दिशा उल्ट होने से, प्रतिवाह से पीने के पानी की प्रणाली और सिंचाई या आग बुझाने के छिड़काव यंत्र जैसी दूसरी प्रणाली के बीच जोड़ बिंदु—तिर्यक संयोजनों (क्रॉस कनेक्शंस) के माध्यम से आपके पीने के पानी की प्रणाली में संदूषित पदार्थ दाखिल हो सकते हैं।




# हमारे पीने के पानी कोसाफ और सुरक्षित रखने के लिए:

1 **बैकफ्लो असेंबली डिवाइस (प्रतिवाह संयोजन यंत्र) स्थापित या इंस्टॉल करें।** यदि आपकी भूतल सिंचाई प्रणाली है, तो देखें कि क्या आपने बैकफ्लो असेंबली लगाया है। बैकफ्लो असेंबली पीतल का एक वाल्व होता है, जिसे आम तौर पर आपके पानी के मीटर और उस स्थान के बीच पाया जाता है, जहां आपकी पानी की सेवा की लाइन आपके घर में दाखिल होती है, आम तौर पर यह मीटर बॉक्स जैसे छोटे हरे बॉक्स में होता है। यदि आपकी सिंचाई प्रणाली में बैकफ्लो असेंबली शामिल नहीं है या यदि आप नई भूतल सिंचाई प्रणाली इंस्टॉल कर रहे हैं, तो City of Bellevue नलसाज़ी कोड के मुताबिक आपको कम से कम डबल चेक वाल्व असेंबली (Double Check Valve Assembly) (DCVA) अवश्य लगानी होगी।

2 **वर्ष में एक बार अपनी बैकफ्लो असेंबली की जांच करें।** इसे इंस्टॉल या स्थापित करने के बाद, आपको राज्य द्वारा प्रमाणित बैकफ्लो असेंबली टेस्टर (परीक्षक) द्वारा वर्ष में एक बार इसकी जांच करानी होगी। यह सुनिश्चित करता है कि असेंबली पीने के सार्वजनिक पानी को सुरक्षित करने के लिए अच्छी तरह से काम कर रहा है। राज्य द्वारा प्रमाणित टेस्टर्स की सूची या बैकफ्लो असेंबली जांच के बारे में किसी सवाल के लिए, कृपया **City of Bellevue Backflow Prevention** को **425-452-4201** पर संपर्क करें।

3 **अपनी सिंचाई प्रणाली की अच्छी तरह से देखरेख करें।** अपनी सिंचाई प्रणाली को सर्दी के लिए तैयार करते समय, हमारी पानी की वितरण प्रणाली में गलती से हवा को जाने से रोकने के लिए, सुनिश्चित करें कि संपीड़ित वायु, अच्छी तरह से इंस्टॉल किए गए ब्लोआउट कनेक्शन से कनेक्ट है।

# US EPA की ओर से जानकारी

पीने के पानी के स्रोतों (नल के पानी और बोतलबंद पानी दोनों) में शामिल हैं, नदियां, झीलें, नाले, तालाब, जलाशय, झरने और कुएं। चूंकि पानी, भूमि की सतह के ऊपर से या ज़मीन के माध्यम से गुजरता है, तो यह कुदरती रूप से मिलने वाले खनिजों, कुछ स्थितियों में, रेडियोएक्टिव सामग्री; और जानवरों की मौजूदगी से या मानवीय गतिविधि से आने वाले पदार्थों को घुला देता है। बोतलबंद पानी सहित, पीने के पानी में उचित तौर पर बहुत कम मात्रा में कुछ संदूषित पदार्थों के होने की संभावना हो सकती है। इन संदूषित पदार्थों की मौजूदगी का अर्थ जरूरी तौर पर यह नहीं होता कि पानी से स्वास्थ्य संबंधी जोखिम है। संदूषित पदार्थों और स्वास्थ्य संबंधी संभावी प्रभावों के बारे में और जानकारी **EPA की Safe Drinking Water Hotline** से **1-800-426-4791** पर ली जा सकती है।

आम आबादी के मुकाबले कुछ लोग, पीने के पानी में संदूषित पदार्थों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। जिन व्यक्तियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमज़ोर होती है जैसे कि कीमोथैरेपी करवाने वाले कैंसर से पीड़ित व्यक्ति, ऐसे व्यक्ति, जिनका अंग प्रत्यारोपण हुआ हो, HIV/AIDS से पीड़ित व्यक्ति या रोग प्रतिरोधक क्षमता के अन्य विकारों से पीड़ित व्यक्ति, कुछ बुजुर्ग, और बच्चे खास तौर पर संक्रमणों के जोखिम पर हो सकते हैं। इन लोगों को अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदातों से पीने के पानी के बारे में सलाह लेनी चाहिए। क्रिप्टोस्पोरिडियम और अन्य सूक्ष्म संदूषित पदार्थों द्वारा संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए उचित साधनों पर, Environmental Protection Agency/Centers for Disease Control के दिशानिर्देश **Safe Drinking Water Hotline** को **1-800-426-4791** पर फोन करके प्राप्त किए जा सकते हैं।

### पानी के उपयोग की दक्षता

पानी का दक्षता से उपयोग करना, हमारे समुदाय की आज की और भविष्य की जरूरतों के लिए पानी की सुरक्षित, विश्वसनीय आपूर्ति प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण है। Bellevue और अन्य सदस्यों की ओर से, Cascade, 31 दिसम्बर, 2022 तक, पीने की पानी का संचय, प्रतिदिन 0.4 मिलियन गैलन की वार्षिक बचत करने के लिए संसाधन समर्पित करेगा।

2019 में, Bellevue Utilities ने अपने ग्राहकों को 5.73 बिलियन गैलन पानी की आपूर्ति की थी। Bellevue की पानी की प्रणाली पूरी तरह से मापक है। सिटी अपनी संपूर्ण वितरण प्रणाली में रिसाव द्वारा पानी की हानि को कम करके पानी के दक्षतापूर्ण उपयोग को प्रोत्साहित करने का हर संभव प्रयास करता है। 2019 में कुल खपत में, वितरण प्रणाली रिसाव या पानी की हानि 7.1 प्रतिशत थी, जो Washington State के मानकों से 10 प्रतिशत कम है।

Cascade अपने सदस्यों की ओर से पानी के दक्षतापूर्ण उपयोग पर कार्यक्रम और सेवाएं प्रदान करता है, जो Bellevue, Issaquah, Kirkland, Redmond, Tukwila, Sammamish Plateau Water District, और Skyway Water तथा Sewer District हैं। 2019 में Cascade ने कई संरक्षण कार्यक्रम उपाय या गतिविधियां की थीं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- EnergyStar और WaterSense लेबल वाले शावरहेड और कपड़े धोने वाली मशीनों के लिए छूटें
- एक से अधिक परिवारों वाली प्रॉपर्टीज में शावरहेड और जलवाहक की इंस्टॉलेशन
- एक से अधिक परिवारों वाली प्रॉपर्टीज की मांग पर और ग्राहकों के वितरण के लिए Cascade सदस्यों को निशुल्क संरक्षण वस्तुएं प्रदान की गईं
- निशुल्क शावर टाइमर, बारिश मापक, टॉयलेट में रिसाव का पता लगाने वाली डाई, और अन्य संरक्षण वस्तुएं Cascade की वेबसाइट *www.cascadewater.org* पर उपलब्ध हैं
- संरक्षण, पानी के महत्व और "We Need Water Because)…" (हमें पानी की जरूरत है क्योंकि) अभियान को बढ़ावा देने के लिए 15 सामुदायिक कार्यक्रमों में भागीदारी
- US EPA के सालाना Fix A Leak Week (फिक्स अ लीक वीक) का प्रचार
- अधिक उपयोग वाले ग्राहकों के लिए सिंचाई प्रणाली मूल्यांकन, जैसे स्कूल जिले, पार्क्स विभाग और होमओनर एसोसिएशंस
- रिहायशी बागबानी कक्षाएं
- Soil and Water Stewardship कार्यक्रम प्रदान करने के लिए Tilth Alliance के साथ साझेदारी, जो स्थिर भूदृश्य निर्माण, वर्षा के पानी को संचित करना, ड्रिप इरीगेशन और अन्य विषयों पर निवासियों को प्रशिक्षण देता है
- दक्ष सिंचाई प्रणाली प्रबंधन और स्थिर भूदृश्य निर्माण के सिद्धांतों पर विद्यार्थियों और औद्योगिक पेशेवरों को प्रशिक्षण देने के लिए, Sustainable Landscape Technologies से मान्यता प्राप्त कार्यक्रम पेश करने के लिए Lake Washington Institute of Technology के साथ साझेदारी
- निवासियों को नालों के निरीक्षण बनने के लिए प्रशिक्षित करने हेतु Sno-King Watershed Council के साथ साझेदारी
- कई प्रकार के पानी-संबंधी विषयों पर कक्षा प्रस्तुतिकरण
- अध्यापकों को उनकी कक्षाओं में पानी संबंधी पढ़ाई को शामिल करने के लिए पानी-आधारित पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण व संसाधन विकसित करने में उनको सहयोग

इन कार्यक्रमों और सेवाओं ने पानी के दक्षतापूर्ण उपयोग और हमारे पानी के संसाधनों के प्रबंधन को बढ़ावा दिया, जिसके परिणामस्वरूप Cascade के सभी सदस्यों के प्रतिनिधित्व में लगभग 20,000 ग्राहकों की बातचीत हुई और इससे 2019 में प्रतिदिन अनुमानित 142,469 गैलन पानी या Cascade के 2019-22 WUE लक्ष्य में से 35.6% की बचत हुई।

पानी के दक्षतापूर्ण उपयोग संबंधी कार्यक्रमों और पानी को बचाने के लिए आप क्या कर सकते हैं, के बारे में अधिक जानने के लिए, Cascade Water Alliance की वेबसाइट *www.cascadewater.org/conservation.php* पर जाएं।

# अकसर पूछे जाने वाले सवाल

***मेरे पानी में रबड़ जैसा स्वाद क्यों आता है?***

देखें कि क्या आपके गार्डन की पाइपें, खुली पोजीशन में होज बिब के साथ जुड़ी हुई और चार्ज्ड हैं। इससे पानी आपकी नलसाज़ी में पीछे की ओर प्रवाह करता है, जिससे पानी में रबड़ जैसा स्वाद आता है। पाइप से पीछे के प्रवाह को रोकने के लिए उपयोग में न होने पर होज बिब को बंद करें और गार्डन की होज को डिस्कनेक्ट कर दें।

***सिंकों में और निकास नलियों के आसपास गुलाबी या काले दाग क्यों होते हैं?***

वे गुलाबी या काले दाग, हवा से उत्पन्न खमीर, फफूंदी और/या बैक्टीरिया का मिश्रित जीवाणु-संवर्धन हैं, जो नमी वाली अवस्थाओं में विकसित होते हैं। वे आपके पीने के पानी से नहीं होते। इनकी मौजूदगी विशेषकर गर्मियों में बढ़ जाती है, जब नमी और अधिक गर्म तापमान, सूक्ष्म जीवों की वृद्धि दर को बढ़ा देते हैं। बार-बार सफाई करने से इन्हें हटाया जा सकता है।

***Bellevue का पीने का पानी भारी है या हल्का?***

Bellevue का पीने का पानी हल्का है। आपके कपड़ों या बर्तन धोने वाली मशीनों के लिए पानी को हल्का करने वाले खास तरह के पदार्थों का उपयोग अनावश्यक है।

पानी का “भारीपन” और “हल्कापन” इसमें खनिजों के गाढ़ेपन के कारण होता है, जैसे कि कैल्शियम और मैग्नीशियम। तब पानी को “अधिक हल्का” माना जाता है, जब इसमें खनिज की कम मात्रा होती है। Bellevue के पीने के पानी में लगभग 23.5 mg/L या 1.37 कण प्रति गैलन भारीपन होता है।

***यदि मेरे पानी में असाधारण गंध, स्वाद हो या यह असाधारण दिखाई दे रहा हो, तो मुझे किसे संपर्क करना चाहिए?***

आपके पानी की गंध, स्वाद या रंग में बदलाव, जरूरी तौर पर स्वास्थ्य संबंधी चिंता नहीं है। हालांकि, कभी-कभार बदलाव समस्याओं का संकेत हो सकते हैं। यदि आप अपने पानी में कोई बदलाव देखें, तो कृपया **City of Bellevue Utilities** को **425-452-7840** पर फोन करें।

City of Bellevue Utilities
PO Box 90012
Bellevue, WA 98009-9012

PRSRT STD
U.S.Postage
PAID
Bellevue, WA
Permit NO. 61

**ECRWSS**
**POSTAL CUSTOMER**

## महत्वपूर्ण संपर्क जानकारी

**City of Bellevue Utilities**
**Operation and Maintenance**
2901 115th Ave NE, Bellevue, WA 98004
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7:00 बजे – दोपहर बाद 3:30 बजे
ईमेल: OMSupport@bellevuewa.gov
वेबसाइट: ***www.bellevuewa.gov/utilities***

यूटिलिटीज के कर्मचारी दिन में 24 घंटे आपातकालीन स्थितियों के लिए प्रतिक्रिया करने हेतु उपलब्ध रहते हैं। **पीने के पानी की गुणवत्ता, क्रॉस कनेक्शंस और बैकफ्लो असेंबली परीक्षण, मुख्य जलवाहक नल में रिसाव, बाढ़, सीवर के ऊपर से बहने या प्रदूषकों के छलकने के लिए,** कृपया **425-452-7840** पर फोन करें।

गैर-कार्य के समय के दौरान, स्टाफ द्वारा आपातकालीन कॉल्स का जवाब दिया जाता है, जो आपात स्थिति में सहायक उपयुक्त कर्मचारी से संपर्क करेगा।

जुड़े रहें! Environmental Services Commission एक नागरिक समूह है, जो Bellevue City Council को यूटिलिटीज संबंधी मुद्दों पर सलाह देता है। मीटिंग की तिथियों और अन्य जानकारी के लिए **Bellevue Utilities** को **425-452-4497** पर फोन करें।

**City Hall**
450 110th Ave NE, Bellevue, WA 98009-9012
Service First (सामान्य जानाकारी) **425-452-6800**
***www.bellevuewa.gov***

**Utility Billing 425-452-6973**
अपने यूटिलिटी बिल का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए, कृपया यहां पर जाएं
***www.myutilitybill.bellevuewa.gov***

**परमिट संबंधी प्रक्रिया 425-452-4898**
***www.mybuildingpermit.com***

**EPA हॉटलाइन्स**
पीने का सुरक्षित पानी **1-800-426-4791**
***water.epa.gov***

**Washington State Department of Health**
Office of Drinking Water **253-395-6750**
***www.doh.wa.gov/CommunityandEnvironment/DrinkingWater***

MyBellevue ऐप यहां उपलब्ध है:
GET IT ON Google Play | Available on the App Store

This report contains important information about your drinking water. To read it in other languages, visit *www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality*

Các báo cáo này chứa các thông tin quan trọng về nước uống của quý vị.
Để đọc bằng các thứ tiếng khác, truy cập **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

Данный отчет содержит важные сведения о питьевой воде в вашем регионе.
На других языках он доступен по адресу: **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

Este informe contiene información importante acerca del agua potable.
Para leerla en otros idiomas, visite **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

本報告内含關於您飲用水的重要資訊。若需要使用其他語言閱讀此資訊，
請參觀網站**www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

이 보고서에는 식수에 관한 중요한 정보가 들어 있습니다. 다른 언어로 읽으시려면,
다음 웹페이지를 방문하십시오: **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

本報告書にはあなたの飲料水に関する重要な情報が記載されています。
英語以外の言語でお読みになる場合、**www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality** をご覧下さい。

इस रपिोर्ट में आपके पीने के पानी के बारे में महत्वपूरण जानकारी शामलि है।. इसे अन्य भाषाओँ में पढ़ने के लिए, **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality** पर जाएँ

यह रपिोरट, सोया-आधारति स्याही से उपभोक्ताओं द्वारा नपिटान व फरि रीसाइकलि कएि कागज़ पर प्रटि की गई है।